कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)
प्रथम तल्ला, ओ0बी0सी0 हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद मंडल इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा–852113
ईमेल–bepmadhepura@gmail.com वेबसाइट–bepmadhepura.in

# पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत मधेपुरा जिला अतंगर्त चयनित 36 विद्यालयों में बच्चों के उपयोग के लिए 1725 जोड़ा बेंच–डेस्क उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। बेंच–डेस्क की आपूर्ति हेतु आई एस ओ (ISO) प्रमाणित विनिर्माता अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि से सीलबन्द लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा दिनांक 25.11.2019 तक रजिस्ट्री डाक से कार्यालय के पत्ते पर प्राप्त किये जाएंगे ,तथा दिनांक 26.11.2019 को अपराह्न 02.00 बजे से जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। क्रय समिति की बैठक में निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण जिला के वेबसाइट www.madhepura.bih.nic.in OR www.bepmadhepura.in पर देखा जा सकता है।

(गिरीश कुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा

(उग्रेश प्रसाद मंडल)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
मधेपुरा

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान)
प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) मधेपुरा कैंपस, मधेपुरा–852113
ईमेल–bepmadhepura@gmail.com वेबसाइट–bepmadhepura.in

# बेंच–डेस्क की आपूर्ति हेतु पुनर्निविदा प्रपत्र

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत मधेपुरा जिला अतंगर्त चयनित 36 विद्यालयों में बच्चों के उपयोग के लिए 1725 जोड़ा बेंच–डेस्क उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। बेंच–डेस्क की आपूर्ति हेतु आई एस ओ (ISO) प्रमाणित विनिर्माता अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि से सीलबन्द लिफाफा में पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा **दिनांक 25.11.2019 तक** रजिस्ट्री डाक से कार्यालय के पते पर प्राप्त किये जाएंगे तथा **दिनांक 26.11.2019 को अपराह्न 02.00** बजे से जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। क्रय समिति की बैठक में निविदादाता स्वयं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

बेंच–डेस्क की विशिष्टियाँ निम्नवत हैः–

Student desk made of 18mm thick plywood with 0.6mm thick lamination pasted on it with 2mm thick PVC Edgebanding with hot melt glue, Understructure made of CRCA 25X25mm metal tube pipe with 1.2mm thick duly powder coated. Back and leg supported CRCA 25X25mm square metal tube pipe with 1.2mm thick duly powder coated. Leg & shelf supported to be CRCA 25X25mm square metal tube pipe, overall size od the desk 1500WX915DX750H, Seat height 400mmXDepth315mm.

## निविदादाता के लिए शर्त्त एवं उपबंध :–

1. निविदा द्विलिफाफा प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय निविदा के रूप में अलग–अलग लिफाफे मे उसके ऊपर तकनीकी/वित्तीय अंकित कर देना होगा।

2. निविदादाता वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) से निबंधित होना चाहिए एवं जी.एस.टी. जमा करने की अद्यतन विवरणी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. निविदादाता का औसत वार्षिक टर्नओवर पिछले तीन वर्षों यथा 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में कम से कम दो करोड़ रुपये प्रति वर्ष होना चाहिए।

4. निविदा के साथ चार लाख रुपये का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट अग्रधन के रूप में देना होगा। ड्राफ्ट बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा के नाम से होना चाहिए, जो मधेपुरा में भुगतेय हो।

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान)
प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) मधेपुरा कैंपस, मधेपुरा–852113
ईमेल–bepmadhepura@gmail.com वेबसाइट–bepmadhepura.in

5. निविदादाता के द्वारा एक तकनीकी निविदा निर्धारित प्रपत्र T I में आवश्यक सूचनाओं के साथ वांछित कागजात की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

6. निविदा पिछले तीन वर्षों यथा 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 का अंकेक्षित वैलंस सीट, जिससे वार्षिक टर्न ओवर परिलक्षित हो, की प्रति संलग्न हो।

7. पिछले तीन वर्षों यथा 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 का ऑडिट रिपोर्ट की प्रति संलग्न हो।

8. पिछले तीन वर्षों यथा 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 का आयकर रिर्टन की प्रति संलग्न हो।

9. निविदादाता का नाम काली सूची में नहीं डाला गया हो एवं किसी भी तरह का केस–मुकदमा में लिप्त/लंबित न होने संबंधित नोटराईज्ड एफिडेविट शपथ पत्र।

10. निविदादाता के द्वारा वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र F I में समर्पित करना आवश्यक होगा।

11. वित्तीय निविदा में सभी कर एवं संबंधित विद्यालय तक परिवहन खर्च सहित प्रति इकाई का दर अंकित होना चाहिए।

12. तकनीकी रूप से सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा।

13. वित्तीय निविदा के मूल्यांकन के आधार पर न्यूनतम दर वाले निविदादाता/निविदादाताओं को कार्य आवंटित किया जाएगा।

14. तकनीकी निविदा के साथ जमा किए गए कागजातों/प्रमाणों की भौतिक/स्थल सत्यापन करने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना मधेपुरा स्वतंत्र होगा।

15. अंतिम रूप से चयनित फर्म/एजेन्सी को क्रय आदेश की प्रति बिहार शिक्षा परियोजना मधेपुरा के कार्यालय से प्राप्त कर निदेशानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करना होगा।

16. सामग्री आपूर्ति की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करना होगा, इसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि अथवा अग्रिम राशि देय नहीं होगा।

17. निविदादाता को कार्य आवंटन के सात दिनों के अंदर कार्यादेश की कुल राशि के 5 प्रतिशत राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा बिहार शिक्षा परियोजना मधेपुरा के नाम से निर्गत एवं 12 माह के लिए वैध बैंक गारंटी को परफोरमेंश सिक्यूरिटी के रूप में जमा करके अनुबंध करना आवश्यक होगा। विलम्ब की स्थिति में कार्यादेश स्वतः रद्द माना जाएगा।

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान)
प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) मधेपुरा कैंपस, मधेपुरा–852113
ईमेल–bepmadhepura@gmail.com वेबसाइट–bepmadhepura.in

18. सभी शर्त्तों एवं उपबन्धों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। किसी एक भी शर्त्त/उपबंध को किसी समय पूरा नहीं करने की स्थिति में दिए गए कार्यादेश/निविदा को रद्द करते हुए निविदादाता के अग्रधन की राशि एवं बैंक गारंटी को जब्त करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा स्वतंत्र होगा।

19. बेंच–डेस्क की आपूर्ति चयनित विद्यालयों (सूची संलग्न) में करना होगा। विद्यालयों से बेंच–डेस्क आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में विपत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराना होगा।

20. इस प्रोजेक्ट की संपूर्ण राशि की व्यवस्था पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत किया जा रहा है, इस कारण से बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा एवं पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच हुए एकरारनामा की सभी शर्तें लागू होगी एवं भविष्य में किसी भी बदलाव से प्रभावित होगी।

21. विद्यालय में इस आशय का एक स्थायी डिस्पेल बोर्ड लगाना होगा, जिसमें पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का नाम एवं लोगो होगा, बोर्ड पर अंकित की जाने वाली सामग्री बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा द्वारा की जायेगी। साथ ही सभी बेंच–डेस्क पर भी उसका अंकन करना होगा।

22. कार्यादेश निर्गत करने की तिथि से तीन माह के अंदर आपूर्ति एवं अधिष्ठापन करना होगा।

23. विपत्र का भुगतान पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा द्वारा किया जायेगा।

24. निविदादाता को इंस्टोलेशन की तिथि से पांच वर्ष तक आवश्यकता होने पर मरम्मति का कार्य किया जायेगा। इसके लिए किसी भी तरह की अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

25. निविदादाता के द्वारा क्रय आदेश के आलोक में संबंधित विद्यालय तक निर्धारित तिथि तक सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय से सामग्री आपूर्ति का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के उपरांत पूर्ण विपत्र का 75 प्रतिशत राशि भुगतान की जाएगी। शेष राशि मात्रा का सत्यापन एवं गुणवत्ता जांच के पश्चात भुगतान किया जायेगा।

26. सामग्री निर्धारित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने/सामग्री ससमय आपूर्ति नहीं करने/निविदा शर्तों से विचलन आदि की स्थिति में शेष राशि से यथोचित राशि अथवा 10 प्रतिशत तक की राशि की कटौती एवं निविदादाता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, मधेपुरा स्वतंत्र होगा।

27 निविदा खुलने के समय नमूना के रूप में बेंच–डेस्क का एक सेट जिला क्रय समिति के समक्ष प्रदर्शित करना होगा। नमूना का प्रदर्शन नहीं करने पर संबंधित फर्म के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

28. निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

(गिरीश कुमार)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा अभियान
मधेपुरा

(उग्रेश प्रसाद मंडल)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
मधेपुरा

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान)
प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) मधेपुरा कैंपस, मधेपुरा–852113
ईमेल–bepmadhepura@gmail.com वेबसाइट–bepmadhepura.in

**ANNEXURE - T I**

## Format for Technical Bid

| SL.NO. | PARTICULARS | RESPONSE OF BIDDER | | REFER (in case of attached paper or proof) PAGE NO ------ TO ----- |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of the Firm & Owner (With Tel./Mob. No. | | | |
| 2 | Office Address with Tel./Fax/Mob. Nos | | | |
| 3 | Contact Person(s) Name, Address with Tel./Fax/Mob. Nos | | | |
| 4 | Annual Turnover<br>(Please attached Proof) | 2016-17<br>2017-18<br>2018-19 | | |
| 5 | Annual Auditted Report<br>(Please attached Proof) | 2016-17<br>2017-18<br>2018-19 | | |
| 6 | Annual ITR Report<br>(Please attached Proof) | 2016-17<br>2017-18<br>2018-19 | | |
| 7 | PAN No. (Please attached Proof) | | | |
| 8 | GST No. (Please attached Proof) | | | |
| 9 | Details of Earnest Money Deposit | DD No. | Date | |
| 10 | Affadavit regarding not involved in any case or blacklisted | | | |

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा
(शाखा – प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान)
प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC) मधेपुरा कैंपस, मधेपुरा–852113
ईमेल–bepmadhepura@gmail.com वेबसाइट–bepmadhepura.in

**ANNEXURE - F I**

# Format for Financial Bid

## Supply & Installation of Bench-desk

| SL.NO. | Rate per Bench-desk set (Rs.) | REMARKS |
|---|---|---|
| 1 | | |

1. We agree to supply the above mentioned items @ Rs. ---------------- (in words Rs.--------- ---------------------------------------------------------------------------------------- ) including all Taxes, Transportation etc. in accordance with the technical specification within ............ days of the issue of work order.

2. We also confirm that the normal commercial warrantee/guarantee of 3 days shall apply to the offered goods and services.

3. We also agree and abide with the terms and conditions stipulated in the bid document.

**Signature of Bidder**